Rajasthan Patrika

Army recruitment rally in Sikar

सीकर के जिला खेल स्टेडियम पर नौ से 17 सितम्बर तक होने वाली सेना भर्ती रैली में 33 हजार अभ्यर्थी दौड़ लगाएंगे। रविवार को टोकन वितरण के अंतिम दिन 33 हजार टोकन जारी किए जा चुके है। सोमवार से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने भी जिला खेल स्टेडियम पर डेरा डाल लिया है।

जरूर पढ़ें>>>मोबाइल मिला तो होंगे भर्ती से बाहर

सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा व्यवस्था ठीक करवाने के निर्देश दिए। बुधवार सुबह से रैली शुरू हो जाएगी। सोमवार को प्रशासन के अधिकारी भी जिला खेल स्टेडियम का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।

पहले यह परीक्षा करनी होगी पास

शारिरिक दक्षता टेस्ट के लिए अभ्यर्थी को पहले एक किलोमीटर छह सौ मीटर लम्बी दौड़ निश्चित समय में पूरी करनी होगी। इसके अलावा बीम छह से दस तथा नौ फीट के खड्डे से जम्प लगाना होगा। दौड़ व इन सब परीक्षा में पास होने वाले अभ्यर्थी को ही दस्तावेज जांच व मेडिकल व शारिरिक परीक्षा के भेजा जाएगा। इसमें पास होने के बाद ही अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। दौड़ के लिए अभ्यर्थियों को सुबह तीन बजे से प्रवेश दिया जाएगा। दौड़ सुबह चार बजे से होगी। दौड़ में टोकन लेकर आने वाले अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा।

इन पदों पर भर्ती

सैनिक सामान्य, सैनिक क्लर्क, एसकेटी, सैनिक तकनीकी, सैनिक नर्सिंग सहायक के पदों के लिए भर्ती होगी। सैनिक सामान्य के लिए उम्र साढ़े 17 से 21 वर्ष तथा अन्य पदों के लिए उम्र साढ़े 17 वर्ष से 23 वर्ष रखी गई है। सैनिक नर्सिंग सहायक के लिए 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12 वी परीक्षा पास तथा सभी विषयों में 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।

यह रहेगा कार्यक्रम

नौ सितम्बर को दंातारामगढ़, दस को नीमकाथाना, 11 को फतेहपुर और धोद,12 को सीकर और खण्डेला, 13 को लक्ष्मणगढ़ व रामगढ़ शेखावाटी, 14 को श्रीमाधोपुर तहसील के अभ्यर्थियों की भर्ती होगी। 15 से 17 सितम्बर तक दस्तावेजों की जांच व चिकित्सा परीक्षा होगी। टोकन जारी करने के अंतिम दिन रामगढ़ शेखावाटी से 1063, फतेहपुर से 1132, लक्ष्मणगढ़ से 3775, सीकर से 2393, धोद से 3638, दांतारामगढ़ से 5934, खण्डेला से 3724, श्रीमाधोपुर से 5600 तथा नीमकाथाना से 5713 टोकन जारी किए गए हैं।

ये दस्तावेज लेकर आएं साथ

सेना भर्ती रैली के लिए शिक्षा प्रमाण पत्र व अंकतालिका, मूलनिवास व जाति प्रमाण पत्र, सरपंच अथवा वार्ड पार्षद की ओर से जारी चरित्र प्रमाण पत्र एवं विवाहित तथा अविवाहित प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटो सफेद कमीज में दोनों कान साफ दिखाई देने चाहिए। शपथ पत्र, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, रिलेशनशिप प्रमाण पत्र सभी दस्तावेज अभ्यर्थियों की ओर से सत्यापित हो। दस्तावेज पूरे नहीं होने पर भर्ती में शामिल नहीं किया जाएगा।